**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**07.04.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे**

**मुख्य समाचार .**

- राज्य सरकार ने प्राकृतिक विधि से उगाई गई हल्दी की खरीद के लिए जारी किया पंजीकरण प्रपत्र– 90 रूपये प्रतिकिलो के हिसाब से सरकार खरीदेगी हल्दी।
- मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने विमल नेगी मृत्यु मामले को लेकर भाजपा पर राजनीतिक रोटियां सेकने का लगाया आरोप।
- विश्व स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य पर प्रदेशभर में कई जागरूकता कार्यक्रम आयोजित।
- प्रदेश के मैदानी इलाकों में तापमान में वृद्धि दर्ज–मौसम विभाग ने कल तीन ज़िलों में हीटवेव का जारी किया अलर्ट।

**अब समाचार विस्तार से**

**सीएम–हल्दी खरीद**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने प्रदेश के किसानों से प्राकृतिक खेती से उगाई गई हल्दी की खरीद के लिए आज शिमला में पंजीकरण प्रपत्र जारी किया। वित्त वर्ष 2025–26 के बजट में राज्य सरकार ने इस प्रकार की हल्दी को 90 रूपये प्रति किलो के न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदने का प्रावधान किया था। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि पंजीकृत किसानों से खरीदी गई कच्ची हल्दी का हमीरपुर के स्पाइस पार्क में प्रसंस्करण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रसंस्कृत हल्दी का विपणन हिमाचल हल्दी के ब्रांड के नाम से किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहली बार होगा कि राज्य सरकार किसानों से सीधे तौर पर कच्ची हल्दी की खरीद करेगी जिससे ग्रामीण क्षेत्र की आर्थिकी को मज़बूती मिलने के साथ लोगों को आजीविका के अवसर भी प्राप्त होंगे।

**मुख्यमंत्री**

इस बीच मुख्यमंत्री ने कहा है कि राज्य विद्युत बोर्ड लिमिटेड को सशक्त बनाने के लिए सरकार प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। आज शिमला में ऊर्जा विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने ये बात कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि विद्युत बोर्ड के कार्यों के सुचारू संचालन के लिए बड़े पैमाने पर फील्ड स्टाफ की भर्ती की जाएगी। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने मौजूदा समय में बोर्ड के प्रतिनियुक्ति पर गए अधिकारियों को 30 अप्रैल तक संबंधित स्थानों पर स्थाई रूप से समायोजित होने का विकल्प देने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि इसके बाद जो पद खाली रहेंगे उन्हें सरकार प्राथमिकता के

आधार पर भरेगी ताकि बोर्ड का कार्य बेहतर ढंग से चल सके। बैठक में तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

**सुक्खू**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू कांग्रेस के अधिवेशन के लिए आज अहमदाबाद रवाना हो गए हैं। 8 व 9 अप्रैल को होने वाले इस दो दिवसीय अधिवेशन में मुख्यमंत्री के अलावा उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह सहित अन्य कांग्रेस नेता हिस्सा लेंगे। अहमदाबाद रवाना होने से पहले आज शिमला में पत्रकारों से बातचीत में मुख्यमंत्री ने कहा कि एचपीपीसीएल के चीफ इंजीनियर विमल नेगी मृत्यु मामले को लेकर सरकार गंभीर है और भाजपा इस मुद्दे पर राजनीतिक रोटियां सेकने का काम कर रही है।

वॉकेशनल अध्यापकों के धरने को लेकर मुख्यमंत्री ने कहा कि ये प्रोजैक्ट केन्द्र का है और सरकार के हाथ में जो होगा उसे करने का प्रयास किया जाएगा।

दृष्टिहीन संघ की मांगों को लेकर मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार इनकी मांगों के प्रति संवेदनशील है और इनके कोटे के खाली पदों पर इनकी भर्तियां की जाएंगी।

**शांडिल**

स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने आज शिमला से मंडी, कांगड़ा व सोलन ज़िलो के लिए 'केयर ऑन व्हील' पहल के तहत लोगों को स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने के लिए तीन वाहनों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इन वाहनों के माध्यम से मरीजों को करीब 25 प्रकार के टैस्ट की सुविधा प्रदान की जाएगी। इनमें एक्स–रे के माध्यम से टीबी जांच, बल्ड काउंट, एलबुमिन, एचडीएल, यूरिक एसिड और कॉलेस्ट्रॉल सहित अन्य टैस्ट शामिल हैं।

**विश्वस्वास्थ्य दिवस**

आज विश्व स्वास्थ्य दिवस है। इस उपलक्ष्य पर प्रदेशभर में कई जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।हिमाचल ज्ञान – विज्ञान समिति द्वारा शिमला में नशे के खिलाफ अभियान के तहत राज्य अधिवेशन का आयोजन किया गया। इस दौरान नशे के खात्मे के लिए काम करने वाले तीन संस्थानों व अन्य नागरिकों ने नशे पर अंकुश लगाने को लेकर रणनीति बनाई। ज्ञान–विज्ञान समिति के राज्य सचिव सत्यवान पुंडिर ने कहा कि नशा सामाजिक मुद्दा है जिसके खिलाफ सभी को एकजुट होकर काम करना ज़रूरी है। इस बीच विश्व स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य पर स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता को लेकर आकाशवाणी शिमला के प्रादेशिक समाचार एकांश द्वारा आज शाम 8 बजे एक विशेष परिचर्चा प्रसारित की जाएगी।

## जगत सिंह नेगी

राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा है कि राज्य सरकार दूरदराज के क्षेत्रों में विकास को प्राथमिकता दे रही है। वे आज किन्नौर ज़िला के प्रवेश–द्वार चौरा से रूपी गांव के लिए राज्य पथ परिवहन निगम की बस सेवा को हरी झण्डी दिखाकर रवाना करने के अवसर पर बोल रहे थे। जगत सिंह नेगी ने कहा कि रूपी गांव ज़िले का दुर्गम क्षेत्र है और बस सुविधा मिलने से लोगों को लाभ होगा। उन्होंने कहा कि किन्नौर ज़िले में सम्पर्क सड़कों को मुख्य सड़क से जोड़ने का कार्य लगभग पूरा होने वाला है और कण्डों को सम्पर्क सड़क से जोड़ने का कार्य प्रगति पर है।

## धर्माणी

नगर नियोजन व आवास मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा है कि प्रदेश को ग्रीन एनर्जी स्टेट के रूप में विकसित करने के लिए सरकार द्वारा प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। सोलन ज़िले के धर्मपुर में तीन दिवसीय ज़िला स्तरीय माता मनसा देवी मेले के समापन अवसर पर कल देर शाम जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने ये बात कही। राजेश धर्माणी ने कहा कि हिमाचल को हरित राज्य के रूप में विकसित करने के उद्देश्य से निजी बस व ट्रक ऑपरेटरों को ई–बस और ई–ट्रक खरीदने के लिए 50 प्रतिशत अनुदान उपलब्ध करवाया जा रहा है। इससे पहले उन्होंने माता मनसा देवी मंदिर में पूजा–अर्चना भी की।

## जयराम ठाकुर

पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने विमल नेगी की मौत की जांच सीबीआई को सौंपने की सरकार से मांग की है। शिमला स्थित अपने आवास पर पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने विमल नेगी के परिवार को 15 दिन का समय दिया था लेकिन अभी तक इस मामले में कुछ भी नहीं हुआ है। जयराम ठाकुर ने कहा कि ईमानदारी और मेहनत से सेवा करते हुए अपनी जान गवां देने वाले अधिकारी के परिजनों को न्याय के लिए कैंडल मार्च निकालना पड़ रहा है इससे बड़ा क्या दुर्भाग्य हो सकता है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री कार्यालय व पावर कार्पोरेशन के अधिकारियों पर उठ रहे सवालों पर सरकार पर्दा डालने में लगी है। उन्होंने मुख्यमंत्री से इस मामले में सीबीआई जांच के लिए केन्द्र सरकार को पत्र लिखने की मांग की है। जयराम ठाकुर ने मुख्यमंत्री के ईडी के छापे वाले बयान को दुर्भाग्यपूर्ण और बचकाना करार देते हुए कहा कि इससे सरकार की हताशा झलकती है।

## मौसम

प्रदेश के मैदानी इलाकों में अधिकतम तापमान सामान्य से 3 से 5 डिग्री सेल्सियस अधिक दर्ज किया जा रहा है। ऊना में आज अधिकतम तापमान 36 दशमलव 4, बिलासपुर में 34 दशमलव 9 और कांगड़ा में 34 दशमलव 2 डिग्री सैल्सियस रिकॉर्ड किया गया है। तापमान में वृद्धि के कारण अप्रैल महीने की शुरुआत में ही मई जैसी गर्मी पड़ रही है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के वैज्ञानिक संदीप कुमार शर्मा ने बताया कि कांगड़ा, कुल्लू और मंडी ज़िलों में कल हीट वेव चलने की संभावना है।

मौसम विभाग ने 9 अप्रैल से प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से कुछ इलाकों में हल्की बारिश की संभावना जताई है।

## धरना प्रदर्शन

पिछले लंबे समय से शिमला में बैकलॉग भर्तियों की मांग को लेकर धरने पर बैठे दृष्टिहीन संघ ने आज छोटा शिमला सचिवालय के बाहर चक्का जाम किया। इस दौरान संघ का कहना है कि पिछले 5 सौ 35 दिनों से दृष्टिबाधित लगातार बैकलॉग कोटे खाली पदों की एक मुश्त भर्ती की मांग कर रहा है और कई दौर की वार्ता के बावजूद भी अभी तक सरकार ने कोई निर्णय नहीं लिया है। दृष्टिहीन संघ के पदाधिकारी राजेश ठाकुर ने कहा कि राज्य सरकार व्यवस्था परिवर्तन और सुख की सरकार का दावा करती है लेकिन दृष्टिहीन के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है जिसके चलते वह सड़कों पर है।

## मुख्य समाचार एक बार फिर

- राज्य सरकार ने प्राकृतिक विधि से उगाई गई हल्दी की खरीद के लिए जारी किया पंजीकरण प्रपत्र– 90 रूपये प्रतिकिलो के हिसाब से सरकार खरीदेगी हल्दी।
- मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने विमल नेगी मृत्यु मामले को लेकर भाजपा पर राजनीतिक रोटियां सेकने का लगाया आरोप।
- विश्व स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य पर प्रदेशभर में कई जागरूकता कार्यक्रम आयोजित।
- प्रदेश के मैदानी इलाकों में तापमान में वृद्धि दर्ज–मौसम विभाग ने कल तीन ज़िलों में हीटवेव का जारी किया अलर्ट।